# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालय–समग्र शिक्षा, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ–226007
वेबसाईट : www.upefa.comई–मेल : upefaspo@gmail.com    दूरभाष : 0522-2780995, 05222780384

प्रेषक,

राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा
विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद उत्तर प्रदेश

**पत्रांकः** जेण्डर इक्विटी / 4709 / 2021–22 /    दिनांकः 23 दिसम्बर 2021

**विषय– जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में निर्देश एवं बजट प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

समग्र शिक्षा के अन्तर्गत बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यकम गतिमान है। इसके अन्तर्गत माह अगस्त से दिसम्बर 2021 के मध्य मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपदों में जन–जागरूकता अभियान संचालित है। भारत सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड 2021–22 में जेण्डर सेंसटाइजेशन हेतु गतिविधिया अनुमोदित है। तत्कम में निम्नवत गतिविधियों के कियान्वयन हेतु विस्तृत कार्य योजना प्रेषित है–

**गतिविधि–1– ब्लाक स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल का आयोजन–**

प्रत्येक ब्लाक पर बालिकाओं की शिक्षा के मुद्दे पर समुदाय, अभिभावकों, माता–पिता हेतु जन–जागरूकता एवं संवेदीकरण के लिए नारी शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन से पूर्व कार्यकम का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए शिक्षक / शिक्षिकाओं के अतिरिक्त अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों / विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों / अभिभावकों / माता–पिता एवं स्थानीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों आदि को आमंत्रित करते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित की जाय। नारी शिक्षा चौपाल की प्रमुख गतिविधियॉं निम्नवत है–

- **समस्त संकुल द्वारा स्टाल का प्रदर्शन–**
  चौपाल में संकुलवार विद्यालय अपने अपने स्टॉल लगायेंगें। स्टॉल की विषयवस्तु बालिका शिक्षा, सशक्तिरण एवं स्वावलम्बन होगी। इस स्टॉल में प्रत्येक विद्यालय में बालिका शिक्षा, मिशन शक्ति, मीनामंच, जीवन कौशल शिक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण आदि विषयों पर किये गये कार्यों का प्रदर्शन किया जायेगा।

- **पोस्टर / आर्ट–काफ्ट गैलरी का निर्माण, प्रदर्शन एवं परिचर्चा–**
  इसके अन्तर्गत आर्ट–काफ्ट / पोस्टर गैलरी का निमार्ण इस प्रकार किया जाय जिसमें बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर निर्मित पोस्टर आर्ट–काफ्ट सामग्री एवं बाल अधिकार को प्रदर्शित किया जाय। इस गैलरी में सभी प्रतिभागी भ्रमण कर अवलोकन के साथ चर्चा–परिचर्चा भी करें।

- **बालिका शिक्षा के मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं उनके निराकरण के मुद्दे पर विचार गोष्ठी–**
  नारी शिक्षा चौपाल में कक्षाध्यापक कक्षाध्यापिका/प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा माता–पिता एवं अभिभावकों के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाय जिसमें बालिकाओं की शिक्षा, विद्यालय आने के रास्ते और समुदाय के बीच आने वाली बाधाओं को दूर करने के प्रयासों पर चर्चा की जाय।
- **मीना मंच तथा पॉवर एंजिल द्वारा नुक्कड़ नाटक/पपेट शो का प्रदर्शन–**
  नारी शिक्षा चौपाल के दौरान मीना सुगमकर्ता/पॉवर एंजिल एवं कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिका/प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के संयुक्त प्रयासों से बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं पपेट शो का आयोजन किया जाय जिसमें माता–पिता एवं अभिभावकों का पूर्ण सहयोग लिया जाय।
- **आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा के कौशलों का प्रदर्शन–**
  आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं के मध्य आयु एवं कक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता आयोजित करायी जाय और उन्हें पुरस्कृत किया जाय। इस प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधियों तथा समुदाय के गणमान्य सदस्यों एवं माता–पिता/अभिभावकों को अवश्य आमंन्त्रित किया जाय।
- **बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन** करते हुए उन पर चर्चा की जाय। इस हेतु विभिन्न फिल्मों की सूची एवं उनका लिंक पत्र के साथ संलग्न है।
- **बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 05 पॉवर एंजिल का सम्मान–**
  विद्यालय, समुदाय, मीनामंच एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 05 पॉवर एंजिल का चुनाव ब्लाक स्तर पर करके उन्हें प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाय।

  **बजट**–उपर्युक्तानुसार नारी शिक्षा चौपाल के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं यथा– टेण्ट, स्टॉल, कुर्सी/मेज, माईक, जलपान, बैनर, पोस्टर, स्टेशनरी, पुरस्कार सामग्री, फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, आदि की व्यवस्था हेतु धनराशि अवमुक्त की जा रही है। कार्यक्रम के पूर्ण होने के उपरान्त दस्तावेजीकरण, फोटोग्राफ तथा वीडियो आदि राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायें।

**गतिविधि–2– जनपद स्तर पर सन्दर्भदाताओं की कार्यशाला–**

विद्यालय में जेण्डर संवेदीकरण एवं जेण्डर के अनुकूल वातावरण तैयार करने हेतु कार्य योजना तैयार कर जनपदों को प्रेषित की गयी है। उक्त कार्य योजना के कियान्वयन हेतु राज्य स्तर पर प्रति जनपद 02 मास्टर ट्रेनर की कार्यशाला दिनांक 13 से 18 दिसम्बर 2021 के मध्य सीमैट प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है। उक्त मास्टर ट्रेनर्स प्रति विकास खण्ड 02 शिक्षकों को जेण्डर इक्विटी के सन्दर्भदाता के रूप में प्रशिक्षित करेंगें। इस हेतु सन्दर्भदाताओं एवं प्रतिभागियों के यात्रा–भत्ता, बैनर, जलपान एवं भोजन, फिल्म प्रदर्शन हेतु आवश्यक सामग्री, स्टेशनरी आदि हेतु धनराशि अवमुक्त की जा रही है। यह धनराशि डी0पी0ओ0 के माध्यम से व्यवहरित की जायेगी।

**गतिविधि–3– ब्लाक स्तर पर प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन–**

जनपद स्तर पर प्रशिक्षित सन्दर्भदाताओं द्वारा अपने विकास खण्ड के लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। कार्यशाला का एजेण्डा बिन्दु पत्र के साथ संलग्न है। उक्त कार्यशाला हेतु सन्दर्भदाताओं के यात्रा–भत्ता, बैनर, जलपान एवं भोजन, फिल्म प्रदर्शन हेतु आवश्यक सामग्री,

स्टेशनरी आदि हेतु धनराशि अवमुक्त की जा रही है। यह धनराशि सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से व्यवहरित की जायेगी।

**गतिविधि–4– विद्यालय स्तर पर नारी चौपाल का आयोजन–**

विद्यालय स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा के मुद्दे पर समुदाय तथा अभिभावकों हेतु जागरूकता एवं संवेदीकरण के लिए नारी चौपाल का आयोजन किया जाना है। विद्यालय स्तर पर नारी चौपाल की प्रमुख गतिविधियॉ निम्नवत है–

- **मीना मंच एवं पॉवर एंजिल द्वारा स्टाल का प्रदर्शन**

  विद्यालय स्तर पर नारी चौपाल में सभी कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिकाएं अपने कक्षा के अनुरूप विद्यालय में अपने स्टॉल लगायेंगें। स्टॉल की विषय वस्तु बालिका शिक्षा, सशक्तिरण एवं स्वावलम्बन होगी। इस स्टॉल में प्रत्येक कक्षा में बालिका शिक्षा, मिशन शक्ति, मीनामंच, जीवन कौशल शिक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण आदि विषयों पर किये गये कार्यों का प्रदर्शन किया जायेगा तथा समुदाय एवं अभिभावकों के साथ साझा किया जायेगा।

- **पोस्टर गैलरी का निर्माण एवं चर्चा–**

  विद्यालय स्तर पर नारी चौपाल में सभी कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिकाएं अपने कक्षा के अनुरूप विद्यालय में आर्ट–काफ्ट/पोस्टर गैलरी का निमार्ण इस प्रकार करेंगें जिसमें बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर निर्मित पोस्टर आर्ट–काफ्ट सामग्री एवं बाल अधिकारों को प्रदर्शित किया जाय। इस गैलरी में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों/अभिभावकों एवं माता–पिता का भ्रमण करवाते हुए अवलोकन के साथ चर्चा–परिचर्चा की जाय।

- **बालिका शिक्षा के मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं उनके निराकरण के मुद्दे पर विचार गोष्ठी–**

  विद्यालय स्तर पर कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिका/प्रधानाध्यापिका द्वारा माता–पिता एवं अभिभावकों के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाय जिसमें बालिकाओं की शिक्षा, विद्यालय आने के रास्ते और समुदाय के बीच आने वाली बाधाओं को दूर करने के प्रयासों पर चर्चा की जाय।

- **मीना मंच तथा पॉवर एंजिल द्वारा नुक्कड़ नाटक/पपेट शो का प्रदर्शन–**

  विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा मीना सुगमकर्ता/पॉवर एंजिल एवं कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिका के संयुक्त प्रयासों से विद्यालय स्तर पर नुक्कड़ नाटक एवं पपेट शो का आयोजन किया जाय जिसमें माता–पिता एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया जाय यथा सम्भव उनका सहयोग भी लिया जाय।

- **आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा के कौशलों का प्रदर्शन–**

  प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं के मध्य आयु एवं कक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता आयोजित करायी जाय और उन्हें पुरस्कृत किया जाय। इस प्रतियोगिता में समुदाय के गणमान्य सदस्यों एवं माता–पिता/अभिभावकों को अवश्य आमंन्त्रित किया जाय।

- **बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों** ( मीना की फिल्में, पहेली की सहेली, खिलौना, राजकुंमारी, मेरा हीरो) **आदि का प्रदर्शन एवं चर्चा** की जाय। (सूची तथा लिंक संलग्न)

- **माताओं तथा पॉवर एंजिल का सम्मान**

  विद्यालय, समुदाय, मीनामंच एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में पॉवर एंजिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः उन्हें प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाय। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा की अधिकतम उपस्थिति वाली बालिकाओं की माताओं को सम्मानित किया जाय।

**बजट**–उपर्युक्तानुसार विद्यालय स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं यथा–स्टॉल, कुर्सी/मेज, माईक, जलपान, बैनर, पोस्टर, स्टेशनरी, पुरस्कार सामग्री, फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, आदि की व्यवस्था हेतु धनराशि प्रेषित की जा रही है। यह धनराशि सम्बन्धित विद्यालय प्रबन्ध समितियों के माध्यम से व्यवहरित की जायेगी।

**कार्यक्रम का कियान्वयन तथा अनुश्रवण**–

- उपर्युक्त कार्यक्रम के कियान्वयन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला समन्वयक बा0शि0 की होगी। इसके लिए जिला समन्वयक बा0शि0 को निर्देशित किया जाता है कि पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित को निर्देश एवं बजट हस्तान्तरित करते हुए समयानुसार कार्यक्रम का कियान्वयन सुनिश्चित करें। यह गतिविधि समयबद्ध है अतः समय सारणी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का यह दायित्व है कि कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु समय–समय पर बैठक करते हुए समीक्षा करते रहें। साथ ही कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु जनपद एवं ब्लाक स्तर पर प्रणाली विकसित करते हुए कार्यक्रम का गुणवत्तापरक संचालन सुनिश्चित करायें। ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु ब्लाक नोडल नामित करते हुए अनुश्रवण की जिम्मेदारी दें।
- सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित के खातों में बजट हस्तान्तरित करते हुए बजट व्यय करने सम्बन्धी दिशा निर्देश सभी सम्बन्धित को अविलम्ब प्रेषित करें।
- खण्ड शिक्षा अधिकारियों से यह अपेक्षा है कि बजट प्राप्त होने के उपरान्त निर्धारित समय सारणी के अनुसार ब्लाक स्तरीय नारी शिक्षा चौपाल तथा ब्लाक स्तर पर प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला का गुणवत्तापरक कियान्वयन सुनिश्चित करायें। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली नारी चौपाल के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

**विद्यालय तथा ब्लाक का चयन**–

- संलग्न लक्ष्य के सापेक्ष ही विद्यालयों में कार्यक्रमों का संचालन किया जाय। जिन जनपदों में लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों की संख्या अधिक है वहॉ पर विद्यालय का चयन के दौरान यह ध्यान रखा जाय कि ऐसे विद्यालय चयनित किया जाय जहॉ पर बालिकाओं का नामांकन अधिक है।
- नारी शिक्षा चौपाल के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद, मेरठ तथा मुजफ्फरनगर में कुल विकास खण्डों के सापेक्ष लक्ष्य कम है। अतः ऐसे विकास खण्डों को चयनित किया जाय जहॉ पर बालिकाओं के शालात्याग एवं ट्राजिशन से सम्बन्धित समस्या अधिक है।

उपरोक्त चारों गतिविधियों (ब्लाक स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल, जनपद स्तर पर सन्दर्भदाताओं की कार्यशाला, ब्लाक स्तर प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला तथा विद्यालय स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल का आयोजन) हेतु जनपदवार लक्ष्य एवं बजट पत्र के साथ संलग्न है।

**कार्यक्रम के कियान्वयन की समय सारणी निम्नवत है**–

| क्र.स. | गतिविधि | समय सारणी |
|---|---|---|
| 1 | ब्लाक स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल | 27.12.2021 |
| 2 | विद्यालय स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल | 28.12.2021 |
| 3 | जनपद स्तर पर सन्दर्भदाताओं की कार्यशाला | 28 से 31 दिसम्बर 2021 के मध्य |
| 4 | ब्लाक स्तर प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला | जनवरी 2022 |

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्देशानुसार गतिविधियों का समय से संचालन कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। यह भी निर्देशित किया जाता है कि कार्यक्रम के पूर्ण होने के उपरान्त कार्यक्रम का दस्तावेजीकरण, फोटोग्राफ तथा वीडियो आदि राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–उक्तवत्।

**भवदीया**

(अनामिका सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

पृष्ठांकनः जेण्डर इक्विटी/ 4709 /2021–22 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– जिलाधिकारी, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
2– मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
3– श्री रविराज दयाल, शिक्षा अधिकारी, यूनीसेफ, उत्तर प्रदेश।
4– सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5– खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकास खण्ड, उत्तर प्रदेश।
3– जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

(अनामिका सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

## जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में जनपदों को प्रेषित की जाने वाली धनराशि का भौतिक एवं वित्तीय विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | उच्च प्राथमिक + कम्पोजिट की संख्या | प्राथमिक विद्यालयों की संख्या | कुल विद्यालयों की संख्या | पी0ए0बी0 से अनुमोदित बजट | कुल विकास खण्डों की संख्या | नारी शिक्षा चौपाल हेतु विकास खण्डों का लक्ष्य | विकास खण्डवार रू0 30000 की दर से धनराशि | जनपद स्तरीय कार्यशाला हेतु प्रति जनपद 2 व्यक्ति तथा प्रति व्यक्ति रू0 400 प्रतिदिन की दर से धनराशि | विकास खण्डवार प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला हेतु प्रति व्यक्ति रू0 200 की दर से धनराशि | नारी चौपाल हेतु प्रति विद्यालय रू0 500 की दर धनराशि | कुल धनराशि का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | AGRA | 868 | 198 | 1066 | 15.99 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 213200 | 533000 | 1239000 |
| 2 | ALIGARH | 733 | 170 | 903 | 13.545 | 13 | 13 | 390000 | 10400 | 180600 | 451500 | 1032500 |
| 3 | ALLAHABAD | 1001 | 216 | 1217 | 18.255 | 21 | 21 | 630000 | 16800 | 243400 | 608500 | 1498700 |
| 4 | AMBEDKAR NAGAR | 520 | 165 | 685 | 10.275 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 137000 | 342500 | 787500 |
| 5 | AMETHI | 432 | 247 | 679 | 10.185 | 13 | 13 | 390000 | 10400 | 135800 | 339500 | 875700 |
| 6 | AURAIYA | 454 | 97 | 551 | 8.265 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 110200 | 275500 | 632100 |
| 7 | AZAMGARH | 983 | 172 | 1155 | 17.325 | 23 | 23 | 690000 | 18400 | 231000 | 577500 | 1516900 |
| 8 | BAGHPAT | 192 | 61 | 253 | 3.795 | 6 | 6 | 180000 | 4800 | 50600 | 126500 | 361900 |
| 9 | BAHRAICH | 984 | 226 | 1210 | 18.15 | 15 | 15 | 450000 | 12000 | 242000 | 605000 | 1309000 |
| 10 | BALLIA | 626 | 348 | 974 | 14.61 | 18 | 18 | 540000 | 14400 | 194800 | 487000 | 1236200 |
| 11 | BALRAMPUR | 650 | 166 | 816 | 12.24 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 163200 | 408000 | 879200 |
| 12 | BANDA | 637 | 116 | 753 | 11.295 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 150600 | 376500 | 804300 |
| 13 | BARABANKI | 844 | 282 | 1126 | 16.89 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 225200 | 563000 | 1281000 |
| 14 | BAREILLY | 793 | 269 | 1062 | 15.93 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 212400 | 531000 | 1236200 |
| 15 | BASTI | 639 | 251 | 890 | 13.35 | 15 | 15 | 450000 | 12000 | 178000 | 445000 | 1085000 |
| 16 | BHADOI | 362 | 32 | 394 | 5.91 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 78800 | 197000 | 491400 |
| 17 | BIJNOR | 765 | 145 | 910 | 13.65 | 12 | 12 | 360000 | 9600 | 182000 | 455000 | 1006600 |
| 18 | BUDAUN | 653 | 271 | 924 | 13.86 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 184800 | 462000 | 1139600 |
| 19 | BULANDSHAHR | 765 | 35 | 800 | 12 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 160000 | 400000 | 1052800 |
| 20 | CHANDAULI | 471 | 45 | 516 | 7.74 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 103200 | 258000 | 638400 |
| 21 | CHITRAKOOT | 447 | 113 | 560 | 8.4 | 6 | 6 | 180000 | 4800 | 112000 | 280000 | 576800 |
| 22 | DEORIA | 737 | 175 | 912 | 13.68 | 17 | 17 | 510000 | 13600 | 182400 | 456000 | 1162000 |
| 23 | ETAH | 562 | 168 | 730 | 10.95 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 146000 | 365000 | 788200 |
| 24 | ETAWAH | 537 | 194 | 731 | 10.965 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 146200 | 365500 | 788900 |
| 25 | FAIZABAD | 569 | 203 | 772 | 11.58 | 12 | 12 | 360000 | 9600 | 154400 | 386000 | 910000 |
| 26 | FARRUKHABAD | 568 | 112 | 680 | 10.2 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 136000 | 340000 | 722400 |

# जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में जनपदों को प्रेषित की जाने वाली धनराशि का भौतिक एवं वित्तीय विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | उच्च प्राथमिक + कम्पोजिट की संख्या | प्राथमिक विद्यालयों की संख्या | कुल विद्यालयों की संख्या | पी0ए0बी0 से अनुमोदित बजट | कुल विकास खण्डों की संख्या | नारी शिक्षा चौपाल हेतु विकास खण्डों का लक्ष्य | विकास खण्डवार रू0 30000 की दर से धनराशि | जनपद स्तरीय कार्यशाला हेतु प्रति जनपद 2 व्यक्ति तथा प्रति व्यक्ति रू0 400 प्रतिदिन की दर से धनराशि | विकास खण्डवार प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला हेतु प्रति व्यक्ति रू0 200 की दर से धनराशि | नारी चौपाल हेतु प्रति विद्यालय रू0 500 की दर धनराशि | कुल धनराशि का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | FATEHPUR | 749 | 136 | 885 | 13.275 | 14 | 14 | 420000 | 11200 | 177000 | 442500 | 1050700 |
| 28 | FIROZABAD | 631 | 170 | 801 | 12.015 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 160200 | 400500 | 868700 |
| 29 | GAUTAM BUDDHA NA( | 215 | 20 | 235 | 3.525 | 4 | 4 | 120000 | 3200 | 47000 | 117500 | 287700 |
| 30 | GHAZIABAD | 195 | 17 | 212 | 3.18 | 6 | 5 | 150000 | 4800 | 42400 | 106000 | 303200 |
| 31 | GHAZIPUR | 801 | 171 | 972 | 14.58 | 17 | 17 | 510000 | 13600 | 194400 | 486000 | 1204000 |
| 32 | GONDA | 902 | 213 | 1115 | 16.725 | 17 | 17 | 510000 | 13600 | 223000 | 557500 | 1304100 |
| 33 | GORAKHPUR | 838 | 229 | 1067 | 16.005 | 20 | 20 | 600000 | 16000 | 213400 | 533500 | 1362900 |
| 34 | HAMIRPUR | 377 | 48 | 425 | 6.375 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 85000 | 212500 | 513100 |
| 35 | HAPUR | 208 | 24 | 232 | 3.48 | 3 | 3 | 90000 | 2400 | 46400 | 116000 | 254800 |
| 36 | HARDOI | 1025 | 440 | 1465 | 21.975 | 20 | 20 | 600000 | 16000 | 293000 | 732500 | 1641500 |
| 37 | HATHRAS | 457 | 81 | 538 | 8.07 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 107600 | 269000 | 623000 |
| 38 | JALAUN | 551 | 103 | 654 | 9.81 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 130800 | 327000 | 765800 |
| 39 | JAUNPUR | 882 | 317 | 1199 | 17.985 | 22 | 22 | 660000 | 17600 | 239800 | 599500 | 1516900 |
| 40 | JHANSI | 563 | 65 | 628 | 9.42 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 125600 | 314000 | 716800 |
| 41 | AMROHA | 480 | 72 | 552 | 8.28 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 110400 | 276000 | 602000 |
| 42 | KANNAUJ | 453 | 179 | 632 | 9.48 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 126400 | 316000 | 719600 |
| 43 | KANPUR DEHAT | 672 | 156 | 828 | 12.42 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 165600 | 414000 | 887600 |
| 44 | KANPUR NAGAR | 624 | 146 | 770 | 11.55 | 11 | 11 | 330000 | 8800 | 154000 | 385000 | 877800 |
| 45 | KANSHIRAM NAGAR | 437 | 115 | 552 | 8.28 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 110400 | 276000 | 602000 |
| 46 | KAUSHAMBI | 469 | 9 | 478 | 7.17 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 95600 | 239000 | 581000 |
| 47 | KHERI | 1133 | 192 | 1325 | 19.875 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 265000 | 662500 | 1420300 |
| 48 | KUSHINAGAR | 824 | 229 | 1053 | 15.795 | 15 | 15 | 450000 | 12000 | 210600 | 526500 | 1199100 |
| 49 | LALITPUR | 491 | 97 | 588 | 8.82 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 117600 | 294000 | 627200 |
| 50 | LUCKNOW | 470 | 234 | 704 | 10.56 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 140800 | 352000 | 800800 |
| 51 | MAHARAJGANJ | 650 | 85 | 735 | 11.025 | 13 | 13 | 390000 | 10400 | 147000 | 367500 | 914900 |
| 52 | MAHOBA | 353 | 69 | 422 | 6.33 | 5 | 5 | 150000 | 4000 | 84400 | 211000 | 449400 |
| 53 | MAINPURI | 551 | 269 | 820 | 12.3 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 164000 | 410000 | 882000 |

# जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में जनपदों को प्रेषित की जाने वाली धनराशि का भौतिक एवं वित्तीय विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | उच्च प्राथमिक + कम्पोजिट की संख्या | प्राथमिक विद्यालयों की संख्या | कुल विद्यालयों की संख्या | पी०ए०बी० से अनुमोदित बजट | कुल विकास खण्डों की संख्या | नारी शिक्षा चौपाल हेतु विकास खण्डों का लक्ष्य | विकास खण्डवार रू0 30000 की दर से धनराशि | जनपद स्तरीय कार्यशाला हेतु प्रति जनपद 2 व्यक्ति तथा प्रति व्यक्ति रू0 400 प्रतिदिन की दर से धनराशि | विकास खण्डवार प्रधानाध्यापा कों की कार्यशाला हेतु प्रति व्यक्ति रू0 200 की दर से धनराशि | नारी चौपाल हेतु प्रति विद्यालय रू0 500 की दर धनराशि | कुल धनराशि का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | MATHURA | 591 | 93 | 684 | 10.26 | 11 | 11 | 330000 | 8800 | 136800 | 342000 | 817600 |
| 55 | MAU | 445 | 90 | 535 | 8.025 | 10 | 10 | 300000 | 8000 | 107000 | 267500 | 682500 |
| 56 | MEERUT | 438 | 32 | 470 | 7.05 | 14 | 12 | 360000 | 11200 | 94000 | 235000 | 700200 |
| 57 | MIRZAPUR | 607 | 170 | 777 | 11.655 | 13 | 13 | 390000 | 10400 | 155400 | 388500 | 944300 |
| 58 | MORADABAD | 524 | 86 | 610 | 9.15 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 122000 | 305000 | 704200 |
| 59 | MUZAFFARNAGAR | 381 | 37 | 418 | 6.27 | 12 | 10 | 300000 | 9600 | 83600 | 209000 | 602200 |
| 60 | PILIBHIT | 568 | 80 | 648 | 9.72 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 129600 | 324000 | 700000 |
| 61 | PRATAPGARH | 737 | 287 | 1024 | 15.36 | 18 | 18 | 540000 | 14400 | 204800 | 512000 | 1271200 |
| 62 | RAE BARELI | 600 | 379 | 979 | 14.685 | 18 | 18 | 540000 | 14400 | 195800 | 489500 | 1239700 |
| 63 | RAMPUR | 627 | 64 | 691 | 10.365 | 7 | 7 | 210000 | 5600 | 138200 | 345500 | 699300 |
| 64 | SAHARANPUR | 573 | 49 | 622 | 9.33 | 12 | 12 | 360000 | 9600 | 124400 | 311000 | 805000 |
| 65 | SAMBHAL | 479 | 83 | 562 | 8.43 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 112400 | 281000 | 639800 |
| 66 | SANT KABIR NAGAR | 442 | 100 | 542 | 8.13 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 108400 | 271000 | 625800 |
| 67 | SHAHJAHANPUR | 891 | 271 | 1162 | 17.43 | 16 | 16 | 480000 | 12800 | 232400 | 581000 | 1306200 |
| 68 | SHAMLI | 213 | 56 | 269 | 4.035 | 4 | 4 | 120000 | 3200 | 53800 | 134500 | 311500 |
| 69 | SHRAWASTI | 390 | 42 | 432 | 6.48 | 5 | 5 | 150000 | 4000 | 86400 | 216000 | 456400 |
| 70 | SIDDHARTHNAGAR | 744 | 226 | 970 | 14.55 | 14 | 14 | 420000 | 11200 | 194000 | 485000 | 1110200 |
| 71 | SITAPUR | 1146 | 350 | 1496 | 22.44 | 20 | 20 | 600000 | 16000 | 299200 | 748000 | 1663200 |
| 72 | SONBHADRA | 500 | 84 | 584 | 8.76 | 8 | 8 | 240000 | 6400 | 116800 | 292000 | 655200 |
| 73 | SULTANPUR | 612 | 275 | 887 | 13.305 | 14 | 14 | 420000 | 11200 | 177400 | 443500 | 1052100 |
| 74 | UNNAO | 826 | 330 | 1156 | 17.34 | 17 | 17 | 510000 | 13600 | 231200 | 578000 | 1332800 |
| 75 | VARANASI | 352 | 147 | 499 | 7.485 | 9 | 9 | 270000 | 7200 | 99800 | 249500 | 626500 |
| | Total | 45479 | 11694 | 57173 | 857.6 | 880 | 875 | 26250000 | 704000 | 11434600 | 28586500 | 66975100 |

# ब्लाक एवं विद्यालय स्तर पर नारी शिक्षा चौपाल के आयोजन हेतु एजेण्डा बिन्दु

| क्र.स. | गतिविधि | समय |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| 2 | उदघाटन | 10:30 बजे से 10:40 बजे तक |
| 3 | स्वागत | 10:40 बजे से 10:50 बजे तक |
| 4 | नारी शिक्षा चौपाल के उद्देश्य से अवगत कराना | 10:50 बजे से 11:00 बजे तक |
| 5 | बालिका शिक्षा के मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं उनके निराकरण के मुद्दे पर विचार गोष्ठी | 11:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| 6 | मीना मंच तथा पॉवर एंजिल द्वारा नुक्कड़ नाटक/पपेट शो का प्रदर्शन | 12:00 बजे से 12:30 बजे तक |
| 7 | जलपान | 12:30 बजे से 01:00 बजे तक |
| 8 | बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन | 01:00 बजे से 01:30 बजे तक |
| 9 | स्टाल का भ्रमण | 01:30 बजे से 02:15 बजे तक |
| 10 | पोस्टर/आर्ट–क्राफ्ट गैलरी का भ्रमण एवं परिचर्चा | 02:15बजे से 02:45 बजे तक |
| 11 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा के कौशलों का प्रदर्शन | 02:45 बजे से 03:15 बजे तक |
| 12 | बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 05 पॉवर एंजिल का सम्मान | 03:15 बजे से 03:30 बजे तक |
| 13 | मुख्य अतिथि का वक्तव्य | 03:30 बजे से 03:45 बजे तक |
| 14 | धन्यवाद ज्ञापन | 03:45 बजे से 04:00 बजे तक |

## बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों के नाम एवं उनके यू–ट्यूब लिंक की सूची

| | |
|---|---|
| मुझे स्कूल अच्छा लगता है | https://www.youtube.com/watch?v=RAgBkJndCmo, |
| आम का बँटवारा | https://www.youtube.com/watch?v=8vPkUrk8iRs, |
| छोटी सी दुल्हन | https://www.youtube.com/watch?v=uSXNFYYvo-k, |
| मुर्गियों की गिनती | https://www.youtube.com/watch?v=7bZi73jQybE, |
| मीना की तीन इच्छाएं | https://www.youtube.com/watch?v=8ijYZ227D74, |
| धौसिए से कौन डरता है | https://www.youtube.com/watch?v=fqukSA16K34&t=659s, |
| मीना शहर में | https://www.youtube.com/watch?v=1wfJ8LsmKyU, |
| लड़का ही होगा | https://www.youtube.com/watch?v=iiGKtFCE2rc&t=61s, |
| बेटियों की देख–रेख | https://www.youtube.com/watch?v=TgFhqAlKYrw, |
| पहेली की सहेली | https://www.youtube.com/watch?v=D2SU6CUoqx0, |
| खिलौना | https://youtu.be/fquksSA16K34, |
| मेरा हीरो | https://youtu.be/lobCF4XtPKw) |